DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

the pioneer
NEW DELHI | WEDNESDAY | NOVEMBER 2, 2022

DATED

# PM to inaugurate today 3,024 newly constructed EWS flats in Capital

**STAFF REPORTER** ■ NEW DELHI

Prime Minister Narendra Modi will inaugurate 3,024 newly constructed Economically Weaker Section flats in Delhi as part of an in-situ slum rehabilitation project on Wednesday evening.

During the programme at Vigyan Bhawan , the slum dwellers at Bhoomihin camp will also be handed over keys to the flats, thereby giving them the ownership and a sense of security, a PMO statement said.

The in-situ slum rehabilitation in 376 Jhuggi Jhopri clusters is being undertaken by the Delhi Development Authority (DDA) in line with the prime minister's vision to provide housing for all, it said.

"The objective of the rehabilitation project is to provide a better and healthy living environment to the residents of Jhuggi Jhopri clusters, with proper amenities and facilities," the statement added.

The 3,024 flats under Phase I have been constructed at a cost of about Rs 345 crore and are equipped with amenities such as vitrified floor tiles, ceramics tiles and Udaipur green marble counter in kitchen.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

2 नवम्बर • 2022 | राष्ट्रीय सहारा
DATED

# दिल्ली : 3 हजार से ज्यादा झुग्गीवासियों को आज मिलेंगे फ्लैट

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** राजधानी दिल्ली के झुग्गीवासियों को सभी सुविधाओं से युक्त अपना पक्का आशियाना मिलेगा। लगभग तीन हजार परिवारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को नवनिर्मित फ्लैटों की चाबी सौंपेंगे। इन-सीटू स्लम रिहैबिलिटेशन प्रोजेक्ट के तहत इन फ्लैटों का निर्माण केंद्र सरकार ने किया है।

देश की राजधानी दिल्ली को स्लम मुक्त करने के लिए केंद्रीय आवसन व शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से चलाए जा रहे इन-सीटू स्लम रिहैबिलिटेशन प्रोजेक्ट के तहत राजधानी दिल्ली में कुल 376 स्लम क्षेत्रों में पुनर्वास का कार्य किया जा रहा है। पुनर्वास परियोजना का उद्देश्य झुग्गी-झोपड़ी समूहों के निवासियों को उचित सुविधाओं और सुविधाओं के साथ एक बेहतर और स्वस्थ रहने का वातावरण प्रदान करना है। इस योजना के तहत डीडीए ने कालकाजी एक्सटेंशन, जेलोरवाला बाग और कठपुतली कॉलोनी में ऐसी तीन परियोजनाएं शुरू की है। कालकाजी विस्तार परियोजना के अंतर्गत कालकाजी स्थित भूमिहीन शिविर, नवजीवन शिविर और जवाहर शिविर नाम के



- प्रधानमंत्री मोदी सौंपेंगे फ्लैटों की चाबी
- 'इन-सीटू स्लम रिहैबिलिटेशन प्रोजेक्ट' के तहत कालकाजी में बने 3024 फ्लैट्स

तीन मलिन बस्ती समूहों का यथास्थान पुनर्वास चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। योजना के तहत कालकाजी वाणिज्यिक केंद्र स्थल पर 3024 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का निर्माण किया गया है।

इन फ्लैटों की चाबी बुधवार को विज्ञानभवन में आयोजित किए जाने वाले भूमिहीन शिविर में प्रधानमंत्री मोदी स्वयं झुग्गीवासियों को सौंपेंगे। स्लम क्षेत्रों में रह रहे लोगों को यह फ्लैट सौंपकर झुग्गी क्षेत्र को खाली किया जाएगा और उस भूमि का प्रयोग दूसरे चरण में नए फ्लैटों के निर्माण के लिए किया जाएगा। परियोजना का पहला चरण पूरा हो चुका है और 3024 फ्लैट आवंटन के लिए तैयार है। इन फ्लैटों का निर्माण लगभग 345 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इन फ्लैटों में सभी तरह की नागरिक सुविधाएं हैं। इसके अलावा सामुदायिक पार्क, इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, दोहरी पानी पाइपलाइन जैसी सार्वजनिक सुविधाएं, स्वच्छ जल आपूर्ति आदि के लिए लिफ्ट, भूमिगत जलाशय आदि भी उपलब्ध कराए गए हैं। पात्र लोगों को उनका मालिकाना हक भी दिया जाएगा।

दैनिक भास्कर
नई दिल्ली, बुधवार, 02 नवंबर, 2022
dainikbhaskar.com

# निगम चुनाव से पहले BJP का बड़ा दांव, पीएम मोदी आज झुग्गीवालों को सौंपेंगे फ्लैटों की चाबी

एजेंसी | नई दिल्ली

एमसीडी चुनाव से पहले भाजपा एक बड़ा दांव चलने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार शाम को एक इन-सीटू झुग्गी पुनर्वास परियोजना के हिस्से के रूप में दिल्ली में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 3,024 नवनिर्मित फ्लैटों (ईडब्ल्यूएस फ्लैट) का उद्घाटन करेंगे। पीएमओ की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि यहां विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान, भूमिहिन कैम्प में झुग्गीवासियों को भी फ्लैटों की चाबियां सौंपी जाएंगी, जिससे उन्हें मालिकाना हक मिलने के साथ ही उनमें सुरक्षा की भावना आएगी।

इसमें कहा गया है कि 376 झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में इन-सीटू झुग्गी पुनर्वास दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा सभी के लिए आवास प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप किया जा रहा है। चरण-I के तहत बने इन 3,024 फ्लैटों का निर्माण लगभग 345 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है और ये किचन में विट्रिफाइड फ्लोर टाइल्स, सिरेमिक टाइल्स और उदयपुर ग्रीन मार्बल काउंटर जैसी सुविधाओं से लैस हैं।

अमर उजाला

# पुनर्वास योजना के आवंटियों को पीएम आज सौंपेंगे चाबी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने कालका में इन-सीटू स्लम पुनर्वास योजना के तहत बनाए फ्लैटों की चाबी उनके आवंटियों को सौंपेंगे। इस संबंध में विज्ञान भवन में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री कालकाजी के इन-सीटू स्लम पुनर्वास योजना के पहले चरण में पात्र 575 लोगों को उनके आवास की चाबी व जरूरी दस्तावेज सौंपेंगे।

डीडीए ने कालकाजी में इन-सीटू स्लम पुनर्वास योजना के तहत 3024 फ्लैट बनाए हैं। इन फ्लैटों के आवंटन संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी किए जाने के बाद डीडीए ने इनमें से फ्लैटों का संबंधित लोगों को मालिकाना हक देने का निर्णय लिया है। डीडीए ने इन सभी लोगों को फ्लैट आवंटित किए जाने के उद्देश्य से प्रारंभिक सर्वेक्षण किया था और उनके जरूरी दस्तावेजों की जांच की थी।

डीडीए सभी के लिए आवास उपलब्ध कराने के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप 376 झुग्गी झोपड़ी समूहों में इन-सीटू झुग्गी पुनर्वास का कार्य कर रहा है। पुनर्वास परियोजना का उद्देश्य झुग्गी-झोपड़ी समूहों के निवासियों को उचित सुविधाओं और उनके साथ एक बेहतर व स्वस्थ रहने का वातावरण प्रदान करना है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

Hindustan Times
NEW DELHI
WEDNESDAY
NOVEMBER 02, 2022
DATED

# No change in pollution curbs, AQI may improve slightly: Central body

HT Correspondent
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Commission for Air Quality Management (CAQM) for the National Capital Region (NCR) and the Adjoining Areas on Tuesday held a review meeting with the Delhi government and various agencies, and asked for an intensification of efforts to combat air pollution. The commission also said that measures under Stage 4 of the Graded Response Action Plan (Grap) were not being implemented at the moment as forecasts have predicted that Capital's air quality will improve slightly in the coming days.

The decision is significant as it was taken on a day that Delhi's air quality index (AQI) was recorded at 424 as of 4pm, slipping into the 'severe' category.

Tuesday's review meeting consisted of district magistrates, district collectors, officials from the environment department, Delhi Pollution Control Committee (DPCC) and agencies such as the PWD, DDA and MCD, among others. At the meeting, CAQM also directed that all measures under Grap Stage 3, which came into force from Saturday evening, are to be strictly implemented on the ground.

"The review meeting was held to check the enforcement of all pollution control measures on the ground, particularly those under Stage 3 of Grap. All departments under the Delhi government and enforcement agencies have been asked to intensify their efforts in lieu of the AQI touching severe and special focus needs to be on pollution hotspots," said a CAQM official. "Forecasts show an improvement in AQI due to local wind speed picking up. The wind direction will also change, reducing contribution from stubble intrusion."

CAQM said a similar review meeting will be held on Wednesday with Rajasthan, Haryana and Uttar Pradesh on the enforcement of Grap.

Stage 4 of Grap can be implemented if the Capital's AQI is expected to go beyond 450. Measures under it include a ban on medium and heavy goods vehicles in Delhi, a ban on diesel four-wheelers in Delhi (except BS VI), a ban on all construction activities, and shutting down all industries not running on clean fuels.

# PM TO LAUNCH 3K FLATS FOR SLUM RESIDENTS TODAY

**NEW DELHI:** Prime Minister Narendra Modi on Wednesday will inaugurate 3,024 newly-constructed flats for families falling under the economically weaker section (EWS) category at south Delhi's Kalkaji Extension, officials aware said on Tuesday.

The flats have been constructed by the Delhi Development Authority (DDA) as part of the city's first in-situ redevelopment project.

"In line with the vision of the Prime Minister to provide housing for all, in-situ slum rehabilitation in 376 Jhuggi Jhopri clusters is being undertaken by Delhi Development Authority (DDA). The objective of the rehabilitation project is to provide a better and healthy living environment to the residents of Jhuggi Jhopri clusters, with proper amenities and facilities," the Prime Minister's Office said in a statement.

The flats have been allotted to residents of nearby Bhoomiheen Camp. Once they shift to the new flats, their cluster will be razed for Phase 2 of the project, to provide housing for the residents of Navjeevan and Jawahar Camps.

"These flats have been built for about ₹345 crore and are equipped with all civic amenities...," the PMO's statement said on Tuesday. HTC

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली
बुधवार
2 नवंबर 2022

# प्रधानमंत्री आज 3024 फ्लैट लोगों को सौपेंगे

- कालकाजी में पुनर्वास परियोजना के तहत बनाए गए हैं
- भूमिहीन कैंप के पात्र झुग्गी झोपड़ी वासियों को सौपेंगे चाबियां

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को झुग्गी-झोपड़ी वासियों के पुनर्वास के लिए दिल्ली के कालकाजी में यथास्थान झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत बनाए गए 3024 नवनिर्मित ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का उद्घाटन करेंगे। शाम साढ़े चार बजे दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी भूमिहीन कैंप के पात्र लाभार्थियों को फ्लैटों की चाबियां भी सौंपेंगे।

सभी के लिए आवास उपलब्ध कराने के प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा 376 झुग्गी झोपड़ी क्लस्टरों में यथास्थान झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास का कार्य किया जा रहा है। इस पुनर्वास परियोजना का उद्देश्य झुग्गी-झोपड़ी क्लस्टरों में रहने वालों को उचित सुख-साधनों एवं सुविधाओं से लैस बेहतर और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है।

डीडीए ने कालकाजी एक्सटेंशन, जेलरवाला बाग और कठपुतली कॉलोनी में ऐसी तीन परियोजनाएं शुरू की हैं। कालकाजी एक्सटेंशन परियोजना के अंतर्गत कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप, नवजीवन कैंप और जवाहर कैंप नामक तीन झुग्गी-झोपड़ी क्लस्टरों का यथास्थान पुनर्वास चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। चरण-एक के तहत, खाली पड़े एक नजदीकी वाणिज्यिक केंद्र स्थल पर 3024 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का निर्माण किया गया है। भूमिहीन कैंप के पात्र परिवारों को नवनिर्मित ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में पुनर्वासित करके भूमिहीन कैंप की झुग्गी-झोपड़ी वाली जगह को खाली किया जाएगा।

भूमिहीन कैंप वाली जगह खाली कराने के बाद, इस जगह का उपयोग दूसरे चरण में नवजीवन कैंप और जवाहर कैंप के पुनर्वास के लिए किया जाएगा। परियोजना का चरण-1 पूरा हो चुका है और 3024 फ्लैट रहने के लिए तैयार अवस्था में हैं। इन फ्लैटों का निर्माण लगभग 345 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है और ये समस्त नागरिक सुविधाओं से लैस हैं तथा इनमें विट्रिफाइड फ्लोर टाइल्स, सिरेमिक टाइल्स, रसोईघर में उदयपुर ग्रीन मार्बल काउंटर आदि से फिनिशिंग की गई है।

यहां सामुदायिक पार्क, इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, दोहरी पानी पाइपलाइन, लिफ्ट, स्वच्छ जलापूर्ति आदि के लिए भूमिगत जलाशय आदि जैसी सार्वजनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। फ्लैटों का आवंटन लोगों को मालिकाना हक के साथ-साथ सुरक्षा की भावना भी प्रदान करेगा।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

नई दिल्ली, 2 नवंबर, 2022 दैनिक जागरण PERS---------------------------------------DATED--------------------

# चुनावी बयार में उद्घाटनों की बहार

## निगम ने एक दिन में ही किए पांच-पांच कार्यक्रम, शामिल हुए केंद्रीय मंत्री व सांसद

निहाल सिंह • नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव के बाद ऊंट किस करवट बैठेगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है। जिस राजनीतिक दल के पक्ष में निर्णय जनता लेगी, सरकार उसी की बनेगी। एमसीडी के चुनाव कब होंगे, फिलहाल यह अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है, लेकिन राज्य चुनाव आयोग की तेज गतिविधितयों के चलते इस चुनावी बयार में उद्घाटन और कार्यक्रमों की बहार आ गई है। चुनाव के कारण आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले शासन में जिस प्रकार की गतिविधियां तेज हो जाती है, वैसी ही परिस्थिति एमसीडी और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) में बनी हुई है।



सिविक सेंटर • जागरण आर्काइव

### कब-कब, कौन-कौन से उद्घाटन और घोषणाएं

- 13 अक्टूबर : विशेष आवसीय संपत्तियों की ऊंचाई 17.5 मीटर तक निर्धारित
- 20 अक्टूबर : वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का उद्घाटन हुआ
- 25 अक्टूबर : संपतिकर माफी के लिए नगर निगम ने की समृद्धि योजना की घोषणा
- 27 अक्टूबर : असोला भाटी में कृत्रिम झरनों का उद्घाटन
- 31 अक्टूबर : पटेल नगर के प्रेम नगर में औषधीय पार्क का शुभारंभ किया गया
- 31 अक्टूबर : गेस्ट हाउस के लिए रसोई बनाने के साथ ग्राहकों को खाना खिलाने की मंजूरी दी गई

मंगलवार को तो स्थिति यह रही कि एमसीडी के पांच-पांच कार्यक्रम एक ही दिन में हो गए। इसमें पहला कार्यक्रम मायापुरी क्षेत्र में आपरेशन क्लीन दिल्ली, दूसरा सुभाष नगर में नवनिर्मित पार्किंग का शुभारंभ और तीसरा बरातघर का उद्घाटन था। चौथा कीर्ति नगर में महिला जनसुविधा और सशक्तीकरण केंद्र का उद्घाटन हुआ। इसी तरह पांचवां कार्यक्रम 20 साल से पक्का होने का इंतजार कर रहे सफाई कर्मचारियों को नियमित करना रहा। अक्सर चुनाव के समय ऐसी गतिविधियां होती हैं। निगम और डीडीए की कार्यक्रमों की झड़ी इस ओर संकेत कर रही है दिल्ली में जल्द ही निगम चुनाव की घोषणा हो सकती है और दिसंबर में चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो सकती है। नगर निगम ने सफाई कर्मचारियों को नियमित कर अनुसूचित जाति के वोट बैंक को साधने का प्रयास किया है।

चूंकि, इस समय नगर निगम में सीधे तौर पर किसी राजनीतिक दल का हस्तक्षेप नहीं है और भाजपा से केंद्रीय मंत्री और सांसद के साथ ही नेता इन कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं, जिसका लाभ भाजपा को मिल सकता है। पिछले माह ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली नगर निगम के तेहखंड स्थित कूड़े से बिजली बनाने का शुभारंभ किया था। इसके बाद विभिन्न इलाकों में डीडीए और एमसीडी के समुदाय भवन का उद्घाटन हो रहा है।

**झुग्गी वालों को आज मिलेंगे फ्लैट :** झुग्गीवासियों का घर का सपना पूरा होने जा रहा है। कालकाजी में बुधवार को झुग्गी के बजाय 2,400 फ्लैट लोगों को मिलने जा रहे हैं।

2 नवंबर, 2022 दैनिक जागरण

# झील में मछलियों की मौत पर डीडीए ने पार्क प्रबंधन से मांगी विस्तृत रिपोर्ट

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली :** रोहिणी स्थित स्वर्ण जयंती पार्क की झील में सैकड़ों मछलियों की मौत के मामले में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने कड़ा संज्ञान लिया है। पार्क प्रबंधन से एक सप्ताह में इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई है। इसके बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

बता दें कि जागरण ने मंगलवार के अंक में ही झील में 'छोड़ा जहरीला पानी, मर गईं सैकड़ों मछलियां' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसमें बताया गया था कि सोमवार सुबह पार्क के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से बड़ी मात्रा में झील में गैरशोधित पानी छोड़ देने से सैकड़ों मछलियों ने दम तोड़ दिया। इतना ही नहीं, लापरवाही उजागर न हो, इसके लिए ठेकेदार ने एक घंटे से भी कम समय में जाल फेंककर मरी हुई मछलियों को निकालकर वहीं असपास के इलाके में दफना दिया और

**जागरण प्रभाव**



एक नवबर के अंक में प्रकाशित खबर •

प्रदूषित पानी की बात छिपाकर ठंड के कारण मछलियों के मरने की बात करने लगा। जागरण ने जब इस घटनाक्रम का खुलासा किया तो मुख्यालय ने भी इस पर कड़ा रुख अख्तियार कर लिया। प्रमुख आयुक्त (उद्यान) राजीव कुमार तिवारी ने पार्क प्रबंधन से एक सप्ताह के भीतर झील और एसटीपी के पानी की गुणवत्ता रिपोर्ट और झील में मरी मछलियों की संख्या और उन्हें दफनाने के संबंध में पूरी रिपोर्ट देने को कहा है। जागरण से बातचीत में तिवारी ने इस निर्देश की पुष्टि करते हुए कहा कि मामला गंभीर है और इसमें बरती गई लापरवाही के लिए दोषियों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 2 नवंबर 2022

# झुग्गी-झोपड़ी वासियों को फ्लैटों की चाबी देंगे पीएम

■ **विस, नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को 3024 नवनिर्मित ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का उद्घाटन करेंगे और भूमिहीन कैंप के पात्र लाभार्थियों को फ्लैट की चाबियां सौंपेंगे। इन-सीटू स्लम पुनर्वास प्रोजेक्ट के तहत इन फ्लैट का निर्माण किया गया है। डीडीए ने कालकाजी एक्सटेंशन, जेलरवाला बाग और कठपुतली कॉलोनी में ऐसे 3 प्रोजेक्ट शुरू किए हैं। कालकाजी विस्तार परियोजना के अंतर्गत कालकाजी स्थित भूमिहीन शिविर, नवजीवन शिविर और जवाहर शिविर नाम के 3 बस्ती समूहों का पुनर्वास चरणबद्ध तरीके से हो रहा है।